ए.एस.पी.–01

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
2022–22

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ए.एस.पी.– 01 : सचिविय कार्य पद्वति

जुलाई 2022 तथा जनवरी 2023 प्रवेश सत्र के लिए

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY
प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नईदिल्ली–110068

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ए.एस.पी.–01 : सचिविय कार्य पद्धति

सत्रीय कार्य – 2022–23

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30%अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2022 और जनवरी 2023)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2022,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2023** तक है।

2. जो **जनवरी 2023,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2023** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	:	ए. एस. पी. - 01
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	सचिवीय कार्य पद्धति
सत्रीय कार्य का कोड	:	ए. एस. पी. -01/टी. एम. ए./ 2022-2023
खण्डों की संख्या	:	सभी खण्ड

अधिकतम अंक :100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. किसी सरकारी विभाग के सचिव पद पर नियुक्ति के लिए किन्हें योग्य माना जाता है? किसी सरकारी विभाग के सचिव के प्रशासनिक और अधिशासी कार्यों को संक्षेप में स्पष्ट करें। (5+15)

2. "सभा की सफलता या असफलता उसके अध्यक्ष पर निर्भर करती है"। इस कथन पर सभा के अध्यक्ष के अधिकार और कर्तव्यों के विशेष सन्दर्भ में प्रकाश डालिए। (10+10)

3. (क) व्यावसायिक पत्र व्यवहार के मूल सिद्धांतों को स्पष्ट कीजिए। (10)

(ख) श्री हरिराम के पते पर रेल से एक पार्सल भेजा गया था, परन्तु उन्हें वह प्राप्त नहीं हुआ । रेलवे अधिकारिओं, बरेली को उनकी ओर से इस संबंध में एक शिकायत पत्र लिखिए। (10)

4. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए : (10+10)

(क) प्रचार और विज्ञापन

(ख) औपचारिक व अनौपचारिक रिपोर्टें

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयां लिखिए : (4X5)

(क) व्यवसायी कंपनी सचिव

(ख) संकल्प

(ग) सार्वजानिक सेवा संस्थाओं के साथ पत्र – व्यवहार

(घ) संक्षेपण